तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 8 अक्टूबर 2025


12 भवन की गुणवत्ता मानक अनुरूप नहीं, तत्काल ...


12 नेशनल हाइवे की स्ट्रीट लाइटें बंद, अंधेरे में डूबा फरसगांव



## खबर संक्षेप

### दशहरा के निर्विघ्न संपन्न होने पर विधायक ने माना आभार



**जगदलपुर।** 75 दिनों तक चलने वाला बस्तर दशहरा पर्व आज माता की डोली की विदाई के साथ संपन्न हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने दशहरा पर्व के निर्विघ्न सम्पन्न होने पर सभी क्षेत्रवासियों, मांझी, चालकी, मेंबर मेंबरीन, सभी समाज, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम प्रशासन, मीडिया साथी तथा अन्य सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

### कोसम साहित्य महोत्सव में रुद्र को मिलेगा वागिश सम्मान



**जगदलपुर।** आगामी 11 व 12 अक्टूबर को कोरिया बैकुंठपुर में आयोजित कोसम साहित्य महोत्सव में वरिष्ठ रंगकर्मी व साहित्यकार रुद्र नारायण पाणिग्रही को वागीश सामान से नवाजा जाएगा। यह सम्मान साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जायेगा। ज्ञात हो कि अभिव्यक्ति, जिला प्रशासन कोरिया, सेल साउथ ईस्टर्न कोल फिल्ड लिमिटेड तथा सांईनाथ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन किया जा रहा है। कला, साहित्य व संगीत के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए प्रतिवर्ष पुरस्कृत एवं सम्मानित करती आ रही है। रूद्र नारायण वहां एक परिचर्चा में भी शामिल होंगे जिसका विषय छत्तीसगढ़ः इतिहास, संस्कृति व अनूठी परंपरा है।

### दर बढ़ोतरी पर बिजली कार्यालय का कांग्रेस करेगी घेराव आज

**जगदलपुर।** कांग्रेस विद्युत दरों की बढ़ोतरी के खिलाफ आज कार्यालय का घेराव करेगी। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के नेता और कार्यकर्ता 8 अक्टूबर को 12 बजे बिजली बिल बढ़ोत्तरी के खिलाफ गीदम रोड स्थित बिजली विभाग कार्यालय का घेराव करेंगे।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी में तीन छात्राओं ने किया शोध प्रस्तुत

**जगदलपुर।** संत गुरु घासीदास शासकीय पीजी कॉलेज कुरूद धमतरी एवं बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 6 अक्टूबर को जैव विविधता और वन्यजीव अध्ययन में हालिया प्रगति विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर के अंतर्गत किया गया। जिसमें देशभर के अनेक विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी शामिल हुए। संगोष्ठी में जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं, वैज्ञानिक लेखन तथा सामुदायिक ▶▶ शेष पेज 12 पर

# 20 राज्यों की कला, संस्कृति और स्वाद एक ही छत के नीचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

अलग खबर

लालबाग मैदान में चल रहे स्वदेशी मेले में करीब 300 स्टॉल जहां देश के 20 राज्यों से आए कारीगर, शिल्पकार और उद्यमी अपनी परंपरा, कला और नवाचार का प्रदर्शन कर रहे हैं। मेले का हर स्टॉल जैसे अपने भीतर एक राज्य की संस्कृति, स्वाद और हुनर की कहानी कह रहा हो।

बस्तर में छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के कारीगरों ने अपने हाथों से बने बांस, बेलमेटल , ढोकरा कला, लकड़ी और मिट्टी के शिल्प प्रदर्शित किए हैं। इनकी सुंदरता और बारीकी देखने के लिए लोग घंटों रुकते नजर आ रहे हैं। गृह सज्जा की वस्तुएं, पारंपरिक आभूषण, दीवार हैंगिंग और ग्रामीण जीवन से जुड़ी चीजें खरीदारों को खूब आकर्षित कर रही हैं। ▶▶ शेष पेज 12 पर

## कारीगरों की मेहनत और व्यंजनों की खुशबू से महका मेला परिसर

### स्वदेशी को मिला जनोत्सव का रूप

300 स्टॉलों से सजा यह मेला केवल प्रदर्शनी नहीं बल्कि स्वदेशी उत्पादों का जनोत्सव बन चुका है। यहां की रौनक यह संदेश दे रही है कि आत्मनिर्भर भारत का रास्ता स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और छोटे उद्योगों से होकर ही गुजरता है।





### व्यंजन स्टॉलों पर उमड़ रही भीड़

खास आकर्षण बने हुए हैं व्यंजन स्टॉल, जहां छत्तीसगढ़ी, पंजाबी, दक्षिण भारतीय और उत्तर-पूर्वी पकवानों की खुशबू से पूरा मेला परिसर महक उठा है। फरा, चीला, ढोकला, इडली-दोसा, लिट्टी-चोखा और हैंडमेड मिठाइयां लोगों को बार-बार रुकने पर मजबूर कर रही हैं।

### पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत का संगम

*मेले में पूर्वोत्तर राज्यों की हैंडलूम साड़ियां, शॉल, बांस उत्पाद और हस्तनिर्मित टोकरी तो दक्षिण भारत से आए इको-फ्रेंडली सामान, नारियल उत्पाद और काष्ठ शिल्प विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। दिल्ली, गुजरात और राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से आए उद्यमियों ने अपने हैंडमेड कपड़े, जूट बैग और खादी वस्त्रों से स्वदेशी की भावना को और प्रखर बना दिया है।*

**समापन :** पुलिस बैंड की धुन के बीच सशस्त्र बल ने हर्ष फायर कर दी सलामी

# दंतेश्वरी माईं की भव्य विदाई, दर्शन करने मंदिर से जिया डेरा तक उमड़े रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- सिंहड्यौड़ी परिसर में महाराजा ने पूजा अर्चना कर उतारी मावली माता की आरती
- मांई की एक झलक पाने हजारों लोग पहुंचे, तीन किमी तक श्रद्धालु करते रहे पुष्प वर्षा

दशहरा में शामिल होने आई दंतेश्वरी माईं की डोली को रियासतकालिन परम्परानुसार मंगलवार को भव्य विदाई दी गई। इसके साथ ही 75 दिन तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे का समापन हो गया। सिंहड्यौड़ी के सामने बनाए गए सुसज्जित मंच में विराजित मावलीमाता की डोली को महाराजा कमलचंद्र भंजदेव द्वारा पुजारियों की मौजूदगी में पूजा अर्चना कर आरती उतारी गई। तत्पश्चात महाराजा व अन्य सेवादारों ने दंतेश्वरी मंदिर से मावलीमाता को कंधा देकर शोभायात्रा निकालते हुए लगभग 3 किमी दूर जियाडेरा ▶▶ शेष पेज 12 पर



### भीड़ को नियंत्रित करने डटे रहे जवान

माईं की विदाई के दौरान पूरे मार्ग में सुरक्षा की चाकचौबंद व्यवस्था की गई थी। इस दौरान कोतवाली समेत अन्य थानों के प्रभारी समेत दर्जनों की संख्या में जवानों को तैनात किया गया था। जवान मावलीमाता की डोली को रस्सी का घेरा बनाकर साथ चल रहे थे। लेकिन भीड़ का आलम यह था कि श्रद्धालु कम होने का नाम नहीं ले रहे थे। सभी एक बार मावलीमाता को छूकर आशीर्वाद लेना चाहते थे। भीड़ को संभालने में पुलिस जवानों को काफी मशक्कत करनी पड़ी तब जाकर शोभायात्रा जियाडेरा तक पहुंच सका।

### माईंजी के सम्मान में सशस्त्र बल ने दी सलामी

मांई जी के सम्मान में पुलिस बैंड के धुन के बीच सशस्त्र बल के द्वारा सलामी दी गई। सर्वप्रथम दंतेश्वरी मंदिर से मावलीमाता की डोली निकालने के दौरान मंदिर परिसर में हर्ष फायर कर सलामी दी गई। इसके उपरांत माता कि आरती व पूजा के बाद पुनः विदाई से पूर्व मंच के सामने शसस्त्र बल द्वारा हर्ष फायर किया गया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से दंतेश्वरी मंदिर से जिया डेरा तक दर्जनों जवानों को तैनात किया गया था।

### स्वागत व दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु रहे मौजूद

सिंहड्यौड़ी के सामने मावली माता कि डोली के पूजा अर्चना के दौरान मंदिर के बाहर चारों ओर हजारों की संख्या में श्रद्धालु हाथों में पुष्प लेकर माईं की एक झलक पाने के लिए मौजूद थे। पूरे रास्ते में श्रद्धालुओं द्वारा नारियल व फूल चढ़ाकर डोली पर फूलों की बारिश की गई। जैसे जैसे डोली आगे बढ़ती रही श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ती गई। सिंहड्यौड़ी से जिया डेरा तक हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने मावलीमाता के दर्शन कर भावभीनी विदाई दी। स्वागत का आलम यह था कि तीन किमी मार्ग में कहीं भी पैर रखने की जगह नहीं थी लोग घरों की छत पर खड़े होकर भी माईं के जयकारे लगाते दिखे।

# विभाग ने जांच में टैक्स बकाया 44 वाहनों से 25.88 लाख वसूला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर।

- टैक्स बकायादार वाहनों पर परिवहन विभाग कस रहा शिकंजा

परिवहन विभाग ने टैक्स बकायादार वाहनों पर शिकंजा शुरू कर रहा है, जिसमें हॉल ही में 44 वाहनों से टैक्स से 25 लाख 88 हजार 681 रुपए वसूल किया गया। साथ ही उड़नदस्ता एवं बेरियर के माध्यम से टैक्स बकायादारों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिससे बकायादार वाहन के मालिकों में हड़कंप मच गया है। परिवहन विभाग वाहनों पर टैक्स बकाया के लिए कुर्की की तैयारी कर रही है, इसके लिए मालिकों के वाहनों एवं चल, अचल संपत्ति ब्यौरा ले रहे हैं। जिस टैक्स बकाया वाले वाहन नहीं मिलने पर मालिक की दूसरी वाहन या संपत्ति की कुर्की की जाएगी। उड़नदस्ता प्रभारी की टीम के साथ आरटीओ की टीम भी टैक्स बकायादार वाहनों पर जांच कर रहे हैं।

### शीघ्र टैक्स बकाया का भुगतान करें

*संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि टैक्स बकाया वाले वाहन के मालिकों पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इसलिए बकायादार वाहन के मालिक शीघ्र ही बकाया का भुगतान करें।*

# बिजली दर में वृद्धि के विरोध चलाया में हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

लगातार बढ़ती बिजली दरों के विरोध में बस्तर जिला युवा कांग्रेस ने तोकापाल बाजार चौक में हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं, व्यापारियों और नागरिकों ने अभियान में शामिल होकर बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी अमित सिंह पठानिया एवं सहप्रभारी डॉ. मोनिका मांडरे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार अभियान चलाया जा रहा है।

युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य में बिजली की दरें लगातार बढ़ रही हैं जिससे आम जनता, किसान और छोटे व्यापारी परेशान हैं। महंगाई के इस दौर में



बिजली बिलों का बोझ जनता की जेब पर अतिरिक्त दबाव डाल रहा है।

**इनकी रही उपस्थिति-** इस अभियान में युवा कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अभिषेक डेविड,जनपद सदस्य तुलसी मौर्य,अनिल मंडावी,सरपंच केशलूर नकुल मौर्य,जिला महामंत्री संतोष कश्यप,मोहनीश नाग,सोमारु नाग,आनंद,मासों,अमलू उपस्थित रहे।



### माता मावली की डोली का पुष्पवर्षा कर कांग्रेसियों ने किया स्वागत

**जगदलपुर।** दशहरा पर्व की अंतिम व महत्वपूर्ण रस्म माता मावली की डोली विदाई यात्रा का बस्तर जिला कांग्रेस परिवार ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने राजीव भवन के समक्ष पुष्पवर्षा कर नमन किया। इस अवसर पर उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, वरिष्ठ कांग्रेसी अंगद त्रिपाठी, हनुमान द्विवेदी, रविशंकर तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया, नीतीश शर्मा, सायमा अशरफ, महेश ठाकुर, विजेंद्र ठाकुर, मनोज साहनी, खीरेंद्र यादव, आशु तिवारी मौजूद रहे।

# शहर के आसपास आदिवासियों की जमीनें हथिया रहे दलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- कुरंदी और चिलकुटी के ग्रामीणों के साथ तहसीलदार से कार्रवाई की मांग

भोले भाले आदिवासियों को उनके ही जमीन से हटाने के षड्यंत्र के खिलाफ बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के अध्यक्ष नवनीत चांद के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कुरंदी -2 तथा ग्राम चिलकुटी के ग्रामवासियों के साथ तहसीलदार से कार्रवाई करने की मांग की गई। नवनीत ने कहा कि जगदलपुर से 5 किलोमीटर दायरे के आसपास जमीन दलाल मिली भगत से दशकों से रह रहे ग्रामीणों की जमीन छीनने लगे हैं। यह तुरंत कार्रवाई एवं जांच का विषय है।

उन्होंने कहा कि आदिवासियों को बेघर करने की साजिश ,फर्जी तरीके से पट्टा बनाकर, सरकारी जमीनों पर नक्शा बैठाने का कार्य बड़े पैमाने में किया जा रहा है। मुक्ति मोर्चा ने कहा कि ग्रामवासियों ने आज आवेदन देकर संपूर्ण प्रकरण की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। प्रशासन की असंवेदनशीलता भू माफियाओं की हिम्मत को बढ़ा रहा है । यदि समय रहते क्षेत्र के मूल निवासियों को न्याय नहीं मिला तो क्षेत्र के लोगों के साथ ▶▶ शेष पेज 12 पर



**बॉलीवुड का तड़का और बस्तर की समृद्ध लोक कला का अद्भुत संगम दिखा**

# इंडियन आइडल फेम अभिजीत सावंत ने गायकी का जादू बिखेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- बस्तर दशहरा लोकोत्सव में सजी संस्कृति और कला की अप्रतिम छटा
- स्कूली बच्चों ने करमा, उड़िया और धुरवा नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया

लालबाग मैदान में बस्तर दशहरा लोकोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में सोमवार को दर्शक गीत संगीत का भरपूर आनंद लेकर मंत्रमुग्ध हुए। यह शाम बॉलीवुड के तड़के और बस्तर की समृद्ध लोक कला का अद्भुत संगम रही जिसमें भारी संख्या में कला प्रेमी उमड़े।

बॉलीवुड के जादूगर अभिजीत सावंत ने समां बांधा। सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड के लोकप्रिय गायक अभिजीत सावंत रहे। इंडियन आइडल फेम इस गायक की शानदार प्रस्तुति सुनने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ जुटी। उन्होंने अपनी सुरीली आवाज से एक से बढ़कर एक गीतों को पेश किया जिसने लोकोत्सव की भव्यता में चार चांद लगा दिए। उनकी संगीतमय प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूली छात्र-छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुतियों से हुई। जिन्होंने बस्तर की सांस्कृतिक जड़ों को दशार्या। विद्या ज्योति स्कूल, के रोसो जामू और अर्चिता टोप्पो ने ओड़िया नृत्य का बेहतरीन प्रदर्शन किया। हायर सेकेंडरी स्कूल छिंदावाड़ा के विद्यार्थियों ने अपनी पारंपरिक धुरवा समूह नृत्य कला का प्रदर्शन किया। रुक्मिणी आश्रम डिमरापाल की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को मंच पर जीवंत किया। उन्होंने करमा छत्तीसगढ़ी समूह नृत्य का प्रदर्शन किया। स्वामी आत्मानंद विद्यालय के विद्यार्थियों ने पारंपरिक साय रेला विवाह समूह नृत्य प्रस्तुत किया। माध्यमिक विद्यालय बोरपदर के विद्यार्थियों ने भी ओड़िया समूह नृत्य के माध्यम से पड़ोसी राज्य के संस्कृति की झलक दिखाई।



### निधि और वृद्धि का शानदार नृत्य

स्कूली प्रस्तुतियों के बाद मंच पर विभिन्न कला शैलियों का प्रदर्शन हुआ। उदय मलिक ने अपनी आवाज से दर्शकों का मन मोहा। वृद्धि पिल्ले के कथक नृत्य और जयपुर, ओडिशा की प्रेरणा डांस एकेडमी के ओड़िया नृत्य ने दर्शकों को प्रभावित किया। कोंडागांव के लछिन एवं टेमन ने छत्तीसगढ़ी डांस प्रस्तुत किया वहीं जॉयिता विश्वास ने बांग्ला नृत्य का प्रदर्शन किया। स्थानीय प्रतिभा कुमकुम वासनिक और निधि रावल की शानदार प्रस्तुतियों ने भी कार्यक्रम को खास बनाया।

### राष्ट्रीय और स्थानीय कलाकारों का शानदार प्रदर्शन

बस्तर दशहरा लोकोत्सव समिति ने इस यादगार सांस्कृतिक संध्या के सफल आयोजन के लिए सभी कलाकारों और उपस्थित दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया है जिसमें स्थानीय कला और राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों का एक अविस्मरणीय संगम देखने को मिला।

# फोटो, विडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लेकमेल करने वाले गिरफ्तार

**जगदलपुर।** मोबाइल में मिली फोटो और विडियो को वायरल करने की धमकी देने वाले आरोपी को बोधघाट पुलिस ने ओडिशा से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल जब्त कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी ने बताया कि 30 सितम्बर को रेलवे स्टेशन जगदलपुर में उसका मोबाइल गुम हो गया था। गुम मोबाइल आरोपी को मिलने के बाद वह मोबाइल से प्रार्थी का अश्लील निजी फोटो विडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लेकमेल कर पैसा की मांग कर रहा था। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर धारा 308.2 बीएनएस तथा 67 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही थी। टीम के द्वारा कॉल डिटेल एवं मोबाइल लोकेशन के आधार पर संदेही बिरची पिता गोबर्धन पनिग्राही 38 वर्ष निवासी राजखारियर जिला नयापारा ओडिसा को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से दो मोबाइल जब्त कर पूछताछ किया गया। आरोपी द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने तथा पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने से उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक ▶▶ शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप

### ग्रापं पुसावण्ड के सचिव ललित सेठिया निलंबित

**कोण्डागांव।** ग्राम पंचायत पुसावण्ड के सचिव ललित सेठिया को ग्रामसभा में नशापान कर उपस्थित होने और शासकीय कार्योंर् में लापरवाही बरतने के कारण जिला पंचायत सीईओ द्वारा निलंबित किया गया है। ग्राम पंचायत पुसावण्ड में आयोजित ग्रामसभा में पंच, सरपंच, नोडल अधिकारी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभा की शुरुआत के दौरान ग्रामवासी जब सचिव से आवश्यक जानकारी मांगने लगे, तो पाया गया कि सचिव ललित सेठिया नशे की अवस्था में थे और कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे थे। घटना के बाद सचिव का जिला अस्पताल कोण्डागांव में डॉक्टरी परीक्षण कराया गया, जिसमें नशापान की पुष्टि हुई। इस रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए निलंबन आदेश जारी किया। जिला पंचायत कार्यालय द्वारा जारी आदेशानुसार, ललित सेठिया को छत्तीसगढ पंचायत सेवा अनुशासन एवं अपील नियम 1999 के नियम 4 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कोण्डागांव निर्धारित किया गया है। निलंबित सचिव के स्थान पर नवल नेताम, सचिव ग्राम पंचायत बोलबोला, कोण्डागांव को आगामी आदेश तक ग्राम पंचायत पुसावण्ड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा 15 से

**कोण्डागांव।** आगामी वर्ष 2025–26 में आयोजित होने वाली अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को अब निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। जिला प्रशासन कोण्डागांव द्वारा युवाओं की तैयारी में सहयोग के लिए यह विशेष प्रशिक्षण शिविर 15 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, कोण्डागांव लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को सेना भर्ती की शारीरिक परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक अभ्यास, फिटनेस ड्रिल और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, जिससे वे आगामी भर्ती प्रक्रिया में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण संबंधी दस्तावेजों के साथ रोजगार कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर पंजीयन कराना आवश्यक है। पंजीयन के बाद ही उन्हें प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। अभ्यर्थी अधिक जानकारी एवं पंजीयन से संबंधित विवरण के लिए जिला रोजगार कार्यालय, कोण्डागांव के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### अमृत वर्षा के बाद खीर प्रसाद का हुआ वितरण

**चारामा।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी जय अम्बे मॉ गरबा समिति के द्वारा गरबा नृत्य और खीर प्रसाद का वितरण का किया गया। समिति के द्वारा रात्रि 9 बजे माता की आरती के बाद गरबा नृत्य किया गया। गरबा के दौरान विधायक सावित्री मंडावी, गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेन्द्र यादव सहित उनकी टीम गरबा नृत्य में शामिल हुई। तैयार खीर का माता गायत्री को भोग लगाया गया। रात्रि 12 बजे तक गरबा नृत्य हुआ।

# भवन की गुणवत्ता मानक अनुरूप नहीं, तत्काल सुधार करने के निर्देश

## एसडीएम आकांक्षा नायक ने किया होनहेड छात्रवास, पीएचसी, जल जीवन मिशन व आंगनबाडी केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रें में निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर ने समय–सीमा की बैठक में सभी एसडीएम को अपने–अपने क्षेत्र के निर्माण कार्यों एवं आश्रम छात्रवासों की गुणवत्ता जांचने के निर्देश दिए थे।

निर्देशों के अनुपालन में केशकाल एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक ने नव–निर्मित प्री–मैट्रिक बालक छात्रवास होनहेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन की गुणवत्ता मानक अनुरूप नहीं पाई गई। इस पर एसडीएम ने निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार को तत्काल सुधार कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर सुधार कार्य शुरू कर दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम आकांक्षा नायक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी, जल जीवन मिशन के कार्यों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की भी स्थिति देखी। नए आंगनबाड़ी केंद्र में दरवाजा और पानी की टंकी का कार्य अधूरा पाया गया।



**बुधवार तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश**

*एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को बुधवार तक सभी अधूरे कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि कार्य पूर्ण होने के बाद बच्चों को नए भवन में शिफ्ट किया जाए, ताकि उन्हें बेहतर सुविधा मिल सके।*

## समस्या: अक्सर हादसे होने का रहता है अंदेशा, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा


# नेशनल हाइवे की स्ट्रीट लाइटें बंद, अंधेरे में डूबा फरसगांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- दीपावली त्यौहार से पहले दुरुस्त हो स्ट्रीट लाइटें: व्यापारी संघ

नगर में एनएच पर लगे स्ट्रीट लाइट कई महीनों से बंद पड़े है जिसके चलते शाम होते ही नगर में अंधेरा छा जाता है, नगर की सड़को पर अंधेरा होने से राहगीरों व नगरवासियों को अंधेरे का सामना करना पड़ रहा। अंधेरा होने से अक्सर दुर्घटना होने की संभावनाए बनी रहती है, वैसे तो छोटी मोटी दुर्घटनाएं होती रहती है। अंधेरे के चलते सड़क किनारे चलने वाले लोगों को अंधेले में देखने में परेशनी होती है, कई लोग दुर्घटना का शिकार होते होते बच रहे है।

यही नहीं अंधेरे में चलते दो माह पूर्व बाइक सवार ने रोड किनारे चल रहे पैदल चल रहे बुजुर्ग को ठोकर मार दी, वहीं घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बावजूद प्रशासन और जिम्मेदार लोग ध्यान नहीं दे रहे है । नगर के व्यापारियों को भी अंधेरे से परेशानिया का सामना करना पड़ रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी के द्वारा कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आगामी 10-12 दिन में दीपावली का पर्व आने वाला है और ऐसे में एनएच भर में अंधेरा से लोगों को समस्याएं हो रही हैं ।



### त्यौहार से पहले एनएच की लाइटों की मरम्मत की मांग

फरसगांव नगर के व्यापारी फिरोज मेमन सहित अन्य व्यापारियों ने कहा आगामी दीपावली त्योहार को बहुत कम दिन बचे है, त्यौहारी सीजन शुरू हो गया है, सुबह से लेकर रात तक दुकानों में सामानों की खरीदी बिक्री होती है, और नगर के मुख्य मार्ग पर अंधेरा फैला हुआ है, सड़क पर रौशनी नहीं होने के कारण आने जाने वाले को परेशानी हो रही है, कुछ छोटे मोटे हादसों के शिकार भी हुए हैं आगे भी डर बना हुआ है। व्यापारी संघ ने संबंधित विभाग से अपील किया है की दिवाली त्यौहार के पहले नगर की बंद स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाकर शुरू करवा दे. जिससे दिपावली के घरो के साथ-साथ नगर में एन एच भी रौशनी से जगमगा उठे।

### विभाग को कई बार करवा चुके हैं अवगतः सीएमओ

फरसगांव नगर पंचायत सीएमओ मयंक कुमार बसंतवानी ने कहा कि नेशनल हाइवे पर जो लाइटों है उनका प्रबंधन एनएच विभाग करता है. हमारे द्वारा संबंधित विभाग को बंद स्ट्रीट लाइटों को सुधार करने के लिए कई बार समय सीमा बैठक में कहा गया है। एनएच विभाग के अधिकारियो ने बताया कि फरसगांव एन एच स्ट्रीट लाइट का मरम्मत का कार्य निविदा प्रक्रिया से होती है जैसे निविदा प्रक्रिया की कार्रवाई पूर्ण होगी वैसे ही बंद स्ट्रीट लाइट का सुधार कार्य किया जाएगा उसके बादस्ट्रीट लाइट पुनः जलेंगी।

# रामलला दर्शन योजना के तहत 51 तीर्थयात्री अयोध्या धाम के लिए रवाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- विधायक सुश्री लता उसेंडी ने दिखाई हरी झंडी, श्रद्धालु हुए भावविभोर

राम लला दर्शन योजना के अंतर्गत कोण्डागांव जिले से 51 श्रद्धालुओं का दल मंगलवार की रात अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं के इस जत्थे को बस्तर प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने रात्रि 9 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

श्रद्धालुओं का जत्था पहले बस द्वारा राजनांदगांव तक की यात्र करेगा। इसके बाद वहाँ से ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करेगा। जत्थे में शामिल श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के दर्शन को लेकर अत्यंत उत्साहित और भावविभोर दिखाई दिए। सीएम तीर्थ यात्र राम लला दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेश के हजारों श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की यात्र का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य नागरिकों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना और उन्हें आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करना है।

# कोंडागांव के विकास की रफ्तार पर कांग्रेस असहजः चहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल अध्यक्ष कुलवंत सिंह चहल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद विकास कार्यों को नई गति मिली है। कोंडागांव जिले में सडकों, पुल–पुलियों और बुनियादी सुविधाओं से जुडे कार्य जिस तेजी से पूरे हो रहे हैं, वह आम नागरिकों के लिए राहत और संतोष का विषय है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों को देखकर कांग्रेस असहज महसूस कर रही है और लगातार भ्रामक बयानबाजी कर जनता को गुमराह करने ास कर रही है।

श्री चहल ने अपने वक्तव्य में कहा कि कांग्रेस शासनकाल में विकास केवल कागजों पर ही दिखाई देता था। योजनाएँ तो बनीं लेकिन उनका लाभ जमीन पर लोगों तक नहीं पहुँच पाया। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने आते ही कार्यों की रफ्तार तेज की है। अब जो काम धरातल पर दिख रहा है, वही कांग्रेसियों को पच नहीं रहा।

**लता उसेंडी के नेतृत्व में हो रहे कार्य**–भाजपा मंडल अध्यक्ष ने हाल ही में विधायक एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी द्वारा किए गए कई विकास कार्यों के भूमि पूजन का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस इस उपलब्धि को पचाने में असमर्थ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रही है।

**कागजों तक सीमित थी कांग्रेस की योजनाएं**–कुलवंत सिंह चहल ने कहा कि कांग्रेस का यह दावा कि भूमि पूजन पहले ही किया गया था पूरी तरह से भ्रामक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस शासन में ये कार्य केवल कागजी रहे, जबकि भाजपा सरकार ने इन योजनाओं को धरातल पर उतारकर वास्तविक निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। चहल ने कहा कि लगता है, विपक्ष में बैठने का गम अभी कांग्रेस के मन से उतरा नहीं है, तभी उनकी याददाश्त भी कमजोर हो गई है। बेहतर होता कि वे प्रेस विज्ञप्ति जारी करने से पहले पुराने स्वीकृति पत्र और अभिलेखों की जांच कर लेते।

# पलारी में अमानक कीटनाशकों की बिक्री और भंडारण पर प्रतिबंध

**कोण्डागांव।** जिले के विकासखंड कोण्डागांव के ग्राम पलारी में अमानक कीटनाशक औषधियों के भंडारण और विक्रय पर कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कीटनाशक अधिनियम 1968 के अंतर्गत उप संचालक कृषि एवं कीटनाशक निरीक्षक द्वारा जांच में दोषी पाए जाने पर दो कृषि केंद्रों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है।

- कृषि विभाग ने की दो कृषि केंद्रों के विरुद्ध कीटनाशक अधिनियम के तहत कार्रवाई

कृषि विभाग के अनुसार वर्ष 2025–26 के दौरान निरीक्षण के समय मेसर्स सीताराम कृषि केंद्र और मेसर्स सानवी ट्रेडर्स, पलारी से कीटनाशक औषधियों के नमूने लेकर उन्हें राज्य कीटनाशी गुण नियंत्रण प्रयोगशाला, ठेलकाडीह राजनांदगांव भेजा गया था। प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट में यह नमूने अमानक गुणवत्ता के पाए गए। विश्लेषण रिपोर्ट में श्रीकर बायोटेक प्रा. लि., मलकानगिरी हैदराबाद की कंपनी द्वारा निर्मित बिस्पायरीबैक सोडियम 10ः एससी तथा शिवशक्ति एग्रीटेक लि संगारेड्डी की कंपनी द्वारा निर्मित प्रोफेनोफॉस 40ः साइपरमेथ्रिन 4ः ईसी को अमानक घोषित किया गया। रिपोर्ट के आधार पर कृषि विभाग ने कीटनाशक अधिनियम 1968 की धारा 14 और धारा 18 (1)(सी) के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए इन उत्पादों के भंडारण और विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है।

### *किसानों से सावधानी बरतने की अपील*

*कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल पंजीकृत विक्रेताओं से प्रमाणित कीटनाशक ही खरीदें और किसी भी संदिग्ध उत्पाद की जानकारी तत्काल विभाग को दें। यह कार्रवाई किसानों के हितों की सुरक्षा और फसलों की गुणवत्ता बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।*

# विधायक ने छात्र दुर्घटना बीमा योजना अंतर्गत चेक का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- 17 प्रकरणों में परिजनों को दी गई 17 लाख रुपये की बीमा सहायता राशि

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने सोमवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोंडागांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र दुर्घटना बीमा योजना के तहत लाभार्थी परिजनों को बीमा राशि के चेक वितरित किए।

कार्यक्रम में जिले के कुल 17 प्रकरणों में संबंधित परिजनों को एक–एक लाख रुपये की बीमा राशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई। यह राशि उन छात्र–छात्रओं के परिजनों को दी गई, जिनकी दुर्घटना जनित मृत्यु हुई थी। इस अवसर पर विधायक सुश्री लता उसेंडी ने परिजनों से संवाद करते हुए कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे श्रम पंजीयन योजना, छात्र बीमा योजना आदि का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने परिजनों से बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और देखभाल पर विशेष ध्यान देने की भी अपील की।




### योजना का उद्देश्य

छात्र दुर्घटना बीमा योजना के तहत शासकीय एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं में अध्ययनरत तथा आरटीई के अंतर्गत प्रवेशित छात्र–छात्रओं की दुर्घटना जनित मृत्यु की स्थिति में उनके अभिभावकों को बीमा राशि का भुगतान किया जाता है। यह योजना शिक्षा के साथ–साथ विद्यार्थियों की सुरक्षा और सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### ये रहे उपस्थिति

कार्यक्रम में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, पार्षद संतोष पात्र, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, विभागीय अधिकारी, शिक्षकगण और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अंजुमन इस्लामिया कमेटी के मुतवल्ली पद का हुआ शांतिपूर्ण चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- सैयद शफीक ने 5 मतों से हासिल की जीत, इरशाद खान को कड़ी टक्कर



अंजुमन इस्लामिया कमेटी, कोंडागांव के मुतवल्ली पद के लिए सोमवार को सामुदायिक भवन कोंडागांव में चुनाव संपन्न हुआ। पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी माहौल में हुई। चुनाव की प्रक्रिया अजय कुमार उरांव, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता और नायब तहसीलदार नरेंद्र सिंह सहित गठित निर्वाचन समिति की देखरेख में संपन्न हुई। पुलिस प्रशासन, नगरपालिका, स्वास्थ्य विभाग और समाज कल्याण विभाग का भी सराहनीय सहयोग रहा। कुल मतदाता 545, मतदान करने वाले 435, मतदान प्रतिशत 79.80ः, वैध मत 431, अमान्य मत 4। मतगणना उपरांत परिणाम घोषित किया गया जिसमें सैयद शफीक चुनाव चिन्ह फुटबॉल खिलाडी को 218 मत मिले। इरशाद खान चुनाव चिन्ह टेनिस बल्ला व गेंद को 213 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार सैयद शफीक ने अपने प्रतिद्वंदी को महज 5 मतों से पराजित कर विजय हासिल की। मतदान प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला और उसी स्थल पर मतगणना की गई। दिव्यांग मतदाताओं ने भी उत्साहपूर्वक मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता दर्ज कराई।

**ये रहे मौजूद**- निर्वाचन समिति के समन्वयक बीए खान सेवानिवृत्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी और समिति के सदस्य नसीर अहमद, ताहिर खान, फ़ज़ल मोहम्मद खान, अली शेख, शकील खान एवं जुबैर खान सक्रिय रूप से मौजूद रहे। विजयी प्रत्याशी सैयद शफीक को औपचारिक रूप से निर्वाचन प्रमाण पत्र एसडीएम अजय कुमार उरांव द्वारा प्रदान किया गया।

## पेज 11 के शेष

### 20 राज्यों की...

घरेलू उद्योग के उत्पादों को नई पहचान- मेले के कई स्टॉल स्थानीय महिलाओं और युवाओं द्वारा संचालित हैं । जहां घरेलू उद्योग से बने मसाले, अचार, जैविक उत्पाद, हर्बल कॉस्मेटिक्स और बस्तर की वन संपदा से तैयार सामग्री बिक्री पर है। इन स्टॉलों पर लोगों की खासी भीड़ उमड़ रही है। मेले के आयोजकों का कहना है कि इस पहल से स्थानीय लघु उद्योगों और स्व-सहायता समूहों को न केवल प्रोत्साहन मिला है बल्कि उनके उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान भी मिल रही है।

### दंतेश्वरी माईं की...

तक पहुंचाया। रियासतकालिन परम्परानुसार दशहरा में शामिल होने आए सभी देवी देवताओं की विदाई के बाद सबसे अंत में मावलीमाता जाती हैं। जिस तरह बुधवार को मावली परघाव रस्म में माता का स्वागत किया गया था्र उसी भव्यता व सम्मान के साथ मंगलवार को उन्हें विदाई दी गई। माईंजी की ससम्मान विदाई के दौरान कावड़ों में माईं जी को सामग्री प्रदान की गई। वहीं माता पुनः अगले वर्ष दशहरा में आए इसी कामना के साथ उन्हें विदा किया गया। अलग अलग कावड़ों में चावल, दाल, तेल, घी, साड़ी के अलावा पूजा सामग्री व अन्य सामान के साथ एक काले रंग का बकरा भी दिया गया। विदाई से पूर्व सिंहड्यौड़ी के सामने विशाल मंच को फूलों से सजाकर डोली को विराजित किया गया। इसके बाद दंतेवाड़ा तथा जगदलपुर के दन्तेश्वरी मंदिर के प्रमुख पुजारी, बस्तर महाराजा कमलचंद भंजदेव समेत दशहरा समिति अध्यक्ष व सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पांडे, सभापति खेमसिंह देवागंन, बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष बलराम मांझी, पारम्परिक सदस्य मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन, नाईक-पाईक के अलावा कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुन्दरराज पट्टलिंगम, कलेक्टर हरिस एस, एसपी शलभ सिन्हा तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे। माईं की आरती के दौरान दंतेश्वरी मंदिर के सामने हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इस दौरान जिया डेरा तक लगभग 3 किमी मार्ग में फूल बिछाए गए थे वहीं श्रद्धालु पुष्पवर्षा करते रहे। डोली के आगे मुण्डाबाजा की धुन में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर कतार से चल रही थी। वहीं डोली के पीछे श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया जा रहा था।

### शहर के आसपास...

कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित**–इस दौरान मोर्चा और दल के पदाधिकारी मोतीराम गोयल, समनलू कश्यप, बकतूराम गोयल, भारत गोयल सुदर्शन बघेल, धनर बघेल, शंकर बघेल, रामू गोयल, खागूराम गोयल, डमरू धार किरण कश्यप, सगनी राम बघेल, हेमधर बघेल, बुद्धु गोयल, कमलोचन गोयल, भान सिंह गोयल, धनी गोयल, गुरुवार गोयल, कलावती कश्यप महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रिया यादव शहर मंडल अध्यक्ष मेहताब सिंह शहर महामंत्री सुरेश कुमार नाग आकाश जॉन कमल बघेल निहारिका बघेल इरफान हुसैन अंजू हुसैन सूरज गायकवर कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### फोटो, विडियो वायरल...

हिरासत में जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित सिंह नेगी, लोकेश्वर नाग, एएसआई सतीश श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक पवन श्रीवास्तव, आरक्षकहोरी लाल आर्मो, कामदेव दर्रो, युवराज, थानेन्द्र सिन्हा, विजय तिर्की व अजित सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी में...

सहभागिता जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस संगोष्ठी में शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय जगदलपुर की बी.एससी. लाइफ साइंस तृतीय सेमेस्टर की छात्राएं शर्मिला पोद्दार, वाई. डिम्पल और मानसी कंवर ने शोध-पत्र प्रस्तुत कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। शर्मिला पोद्दार ने कॉलेज परिसर की सजावटी पौधों की विविधता विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया जिसमें परिसर में पाए जाने वाले सजावटी पौधों की विविधता को रेखांकित किया गया। वाई. डिम्पल ने कॉलेज परिसर की पुष्प विविधता विषय पर अपना अध्ययन प्रस्तुत किया और विभिन्न पुष्पीय पौधों की प्रजातियों तथा उनके महत्व पर प्रकाश डाला। मानसी कंवर ने तितली विविधता और उनके मेजबान पौधे विषय पर अपना शोध साझा किया। जिसमें तितलियों की प्रजातियों और उनके आश्रयी पौधों का दस्तावेजीकरण किया गया। तीनों छात्राओं ने यह शोध कार्य वनस्पति शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. गुलाब चंद साहू के मार्गदर्शन में किया। छात्राओं की प्रस्तुतियों को विशेषज्ञों द्वारा सराहा गया और इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर शोध गतिविधियों की गहरी समझ प्राप्त करने का अवसर मिला।

## खबर संक्षेप

### क्षत्रिय महासभा वीरांगना ने मनाया दशहरा मिलन समारोह



**दंतेवाड़ा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना दंतेवाड़ा के द्वारा गीदम के सांस्कृतिक भवन में दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर से सभी क्षत्रिय महिलाओं ने भाग लिया। कार्यकम में सामाजिक परंपरा के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वीरांगना के पदाधिकारी द्वारा सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। उक्त कार्यक्रम में वीरांगना के जिला अध्यक्ष सैफाली भदोरिया ने दशहरा की बधाई देते हुए समाज के महिलाओं को सामाजिक हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### प्रधान अध्यापक ने बच्चों को करवाया न्योता भोज



**बस्तर।** बस्तर विकासखंड के अंतर्गत संकुल खोरखोसा के माध्यमिक शाला खोरखोसा में प्रधान अध्यापक युगल कौशिक ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर बच्चों को न्योता भोज कराया। अपने जन्म दिवस का उत्सव उन्होंने अपने विद्यालयीन बच्चों के बीच यह दिन मनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर गांव की जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, पंच, सरपंच संकुल प्राचार्य शिक्षक समस्त स्टाफ शामिल हुए। बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ जन्म दिवस मनाया। प्रधान अध्यापक कौशिक के इस प्रेरणादायी पहल को सभी ने सराहनीय और अनुकरणीय बताया।

### सरस्वती शिशु मंदिर में मनी वाल्मीकि जयंती



**गीदम।** आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में वाल्मीकि जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूजा-अर्चना और मानस पाठ का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने इस पावन दिन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शरद पूर्णिमा को चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से पूर्ण होकर धरती पर अमृत की वर्षा करता है ऐसा शास्त्रों में वर्णित है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि आज के ही दिन समुद्र मंथन से माता लक्ष्मी का प्राकट्य हुआ था, जिसे लक्ष्मी उत्पत्ति दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। वाल्मीकि जयंती के अवसर पर वाल्मीकि के योगदान को विशेष रूप से याद किया गया। उन्होंने रामायण की रचना कर समस्त मानव जाति को मार्गदर्शन प्रदान किया। सारा संसार उन्हें आदि कवि के रूप में जानता है।

### शिक्षा समिति सभापति ने किया शाला का निरीक्षण



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत नागुल स्थित माध्यमिक शाला का निरीक्षण जनपद पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति सभापति दिनेश कौशल द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने, मोटिवेशन बनाए रखने और अनुशासन का पालन करने की प्रेरणा दी। निरीक्षण में प्रधानाध्यापक और समस्त शिक्षक उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यालय की गतिविधियों और शिक्षा व्यवस्था की जानकारी साझा की। इसके साथ ही मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया गया, जिससे कि बच्चों को पोषणयुक्त और स्वच्छ भोजन सुनिश्चित किया जा सके।

# सरकार ग्रामीण विकास के प्रति संकल्पबद्ध, मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता में: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोकापाल

तोकापाल ब्लॉक के ग्राम पंचायत एर्राकोट में 5 लाख की लागत से बनने वाले शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

- ग्राम पंचायत एर्राकोट में शेड निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



विधिवत रूप से मंगलवार को सम्पन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल के करकमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास हेतु सरकार लगातार ठोस प्रयास कर रही है। शेड निर्माण जैसी आधारभूत सुविधाएं न केवल ग्रामीण जीवन को सुविधाजनक बनाती हैं बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों के आयोजन के लिए भी एक सशक्त मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि एर्राकोट ग्राम पंचायत में इस प्रकार की सुविधा का निर्माण लंबे समय से अपेक्षित था, जिसे अब शीघ्र पूरा किया जाएगा। विधायक ने मौके पर निर्माण एजेंसी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता न हो तथा निर्धारित समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की सरकार ग्रामीण विकास के प्रति संकल्पबद्ध है और प्रत्येक ग्रामवासी को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता में है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से क्षेत्र में निरंतर विकास हो रहा है और आमजन को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, जनपद सदस्य पदमनी कश्यप, चंद्रकांत भंडारी, नेहांशु सिंह, नगेंद्र तिवारी एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, पंच-सरपंच, ग्रामीणजन एवं भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अवैध अतिक्रमण, नशीले पदार्थों की बिक्री पर कार्यवाही पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

गीदम नगर पंचायत में अवैध कब्जों को हटाने, नशीले पदार्थों की बिक्री पर सख्त कार्रवाई,

- नगर पंचायत में बैठक का हुआ आयोजन

अतिक्रमण पर रोक और टैक्स कलेक्शन को सुदृढ़ बनाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक विशेष बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में विधायक चैतराम अटामी, नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, एसडीएम गीदम मनीष बघेल, तहसीलदार किशन मिश्रा, थाना प्रभारी विजय पटेल, और मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती हुलसी प्रधान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक का उद्देश्य नगर के सुव्यवस्थित प्रबंधन, सामाजिक-आर्थिक सुधार, और नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करना था। सभी उपस्थित अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने निर्णयों को प्रभावी रूप से लागू करने की प्रतिबद्धता जताई। नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कहा कि नगर हित में कुछ सख्त कदम उठाए जाएंगे। जिससे नगर का सुव्यवस्थित विकास हो और नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि हम सबको गीदम को एक आदर्श शहर बनाने का संकल्प लेना होगा। साथ ही नगर की कानून व्यवस्था, स्वच्छता, सुंदरता के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा।

**बैठक के मुख्य निर्णय**

सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। अवैध अतिक्रमण पर सख्ती बरती जाएगी। नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक के लिए अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लंबित कर वसूली के लिए नई रणनीतियाँ बनाई जाएंगी जिससे कि नगर पंचायत की आय में वृद्धि हो। शहर के विकास के लिए विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया जाएगा। जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिसके माध्यम से आम जनता को अतिक्रमण हटाने और टैक्स भुगतान के प्रति जागरूक किया जाएगा। शासन और प्रशासन के समन्वय से नियमों को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

# बिजली बिल में बढ़ोतरी के खिलाफ बस्तर विधानसभा स्तरीय जनहस्ताक्षर अभियान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| घाटलोहंगा

बस्तर विधानसभा अध्यक्ष रियाज खान के नेतृत्व में और बस्तर युवा कांग्रेस ग्रामीण के कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक डेविड की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित हुई। रियाज खान ने कहा कांग्रेस सरकार की हाफ बिजली बिल योजना को बंद कर बीजेपी सरकार ने प्रदेशवासियों के साथ धोखा किया हैं। युवा कांग्रेस ने भाजपा पर बिजली बिल में हेराफेरी के खिलाफ युवा कांग्रेसियों ने बस्तर स्थित बाजार स्थल में प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी अमित पढ़ानिया, सह प्रभारी मोनिका मांडरे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा और प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी विक्रांत सिंह के निर्देश पर बढ़ती महंगाई में प्रदेश में बिजली के बढ़े दामों और बिजली बिल हाफ योजना बंद किए जाने के विरोध में बस्तर बाजार स्थल चौक में हस्ताक्षर अभियान चलाया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला, नगर पंचायत बस्तर अध्यक्ष देवकी भद्रे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अनिल परिहार, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंपा ठाकुर, लखेश्वर कश्यप, पार्षद अंकित पारख, जनपद सदस्य मानसिंह कवासी, जनपद सदस्य हेमराज बघेल, युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष डमरूधर बघेल, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष मनीराम बघेल, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कृपालु कश्यप, नागेंद्र परिहार, सरपंच कमलोचन कश्यप, लखेश्वर कश्यप, उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान, सरपंच संघ व भूमगादी जैविक कृषक कंपनी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

भारतीय किसान संघ के द्वारा सर्व आदिवासी समाज भवन गीदम में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें सभी विभाग के एनजीओ पर चर्चा, जैविक उत्पादन मूल्य पर चर्चा, रासायनिक उत्पादन मूल्य पर चर्चा किया गया।

इस बैठक में गीदम ब्लाक के सभी किसान, भूमगादी के सदस्य व जन प्रतिनिधि के साथ साथ सरपंच गण उपस्थित रहें। बैठक में चर्चा हुई कि एनजीओ द्वारा किसानों को जानकारी दी जा रही है उसे बंद कर कृषि विस्तार अधिकारी ग्राम सेवकों के द्वारा किसानों को जानकारी दी जानी चाहिए। क्योंकि जितने भी एनजीओ संचालित है वे बड़े व सम्पन्न किसानो के पास जा कर फोटो शूट करवा लेते



है। छोटे किसानों को किस चीज की जरूरत है उस पर कोई ध्यान नहीं देता है। कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा किसान मित्र प्रत्येक पंचायत में नियुक्त कर किसानों लाभ दिलाया जाए। क्योंकि गांव के बेरोजगार युवा युवती किसान मित्र में काम करेंगे तो ग्राम पंचायत के सरपंच, जिम्मेदार किसान एवं कृषि विस्तार अधिकारी तक जानकारी जायेंगी की उस किसान की क्या जरुरत है। एनजीओ का फायदा गिने चुने किसानों तक ही पहुंच पाता है बाकी छोटे किसान को कोई लाभ नहीं मिल पाता है।

# क्यूआर कोड स्कैन कर ग्रामीणों को मिलेगी मनरेगा कार्यों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

प्रत्येक माह 7 तारीख को आयोजित रोजगार दिवस में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नये दिशा-निर्देशों को ग्रामीणों को अवगत कराये जाते हैं। इसी तारत्मय में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायतों में क्यू आर कोड चस्पा किए गए हैं। कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता चौबे के निर्देशन में इस माह आयोजित रोजगार दिवस में जाबकार्डधारी श्रमिकों का ई-केवाईसी करने के साथ ही क्यू आर कोड स्कैन कर ग्रामीणों को अपने



मोबाइल से मनरेगा अंतर्गत पिछले 4 वित्तीय वर्षों के पूर्ण, प्रगतिरत और अप्रारंभ कार्यों की जानकारी प्राप्त करने के तरीके प्रायोगिक रूप से कर समझाया गया।

क्यू आर कोड स्कैन करने पर ग्रामीण अपने मोबाइल से मनरेगा अंतर्गत पिछले 4 वर्ष के वित्तीय वर्षों के पूर्ण, प्रगतिरत और अप्रारंभ कार्यों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसमें व्यय राशि और रोजगार दिवसों की जानकारी भी उपलब्ध होगी। इस पहल से मनरेगा कार्य में फर्जी मास्टर रोल भरना जैसे भ्रष्टाचार पर काफी हद तक लगाम लग सकेगी।

# जल जीवन मिशन के तहत प्रभावित गांवों में पेयजल उपलब्ध कराए : संबित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जल जीवन मिशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास एवं आधारभूत सुविधाओं से संबंधित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत नए कैंपों और प्रभावित गांवों में शीघ्र पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी ब्लॉकों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, पैन कार्ड जैसी नागरिक सेवाओं से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया। बैठक में आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ितों से संबंधित मामलों की प्रगति पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बिजली विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

# ब्लॉक के स्कूलों का एबीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बस्तर

संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर के मार्गदर्शन में एबीईओ बस्तर सुशील कुमार तिवारी द्वारा ब्लॉक बस्तर के अंतर्गत संचालित विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक, हाइस्कूल व हायर सेकंडरी शालाओं का लगातार निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में उनके द्वारा दूरस्थ अंचल स्थित शालाओं तक पहुंचकर शालाओं के निरीक्षण के साथ-साथ शिक्षकों से सतत सम्पर्क कर शिक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त व कसावट लाने प्रयास किये जा रहे है।

दूरस्थ अंचल की शाला, संकुल पाथरी के अंतर्गत प्राथमिक शाला कावडग़ांव, माध्यमिक शाला कावडग़ांव, प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला गोंडियापाल सहित बालक आश्रम शाला का भी निरीक्षण किया गया। प्राथमिक शाला के बच्चों से अक्षर ज्ञान की



जानकारी ली गई। वही माध्यमिक शाला के बच्चों से महापुरुषों के नाम, पहाड़ा व अंग्रेजी में सप्ताह के नाम के बारे में पूछा गया। कुछ बच्चों ने ही हाजिर जवाब दिया लेकिन अधिकांश बच्चे कमजोर पाए गए। स्थिति सुधारने प्रभारी को समझाईश दी गई। अगले क्रम में संकुल गोंडियापाल की प्राथमिक व माध्यमिक शाला बांसपानी का अवलोकन किया गया। यहां प्राथमिक शाला की 5वीं की बच्ची ने धाराप्रवाह 15 तक का पहाड़ा सुनाया जिससे अधिकारी द्वारा प्रभावित होकर काफी प्रशंशा की गई। माध्यमिक शाला बांसपनी में 8वीं में दर्ज कुल 36 बच्चों में केवल 26 बच्चे उपस्थित मिले पूछने पर पता चला कि 10 बच्चों से वे उनके पालको से सतत सम्पर्क करने पर भी शाला नही आ रहे है।

मेरे द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए त्वरित दूरभाष से ग्राम सरपंच से बात कर ग्रामीण स्तर पर आवश्यक पहल करने को कहा गया, जिस पर सरपंच बांसपनी द्वारा सम्बन्धित पालको से चर्चा कर हल निकालने का आश्वासन दिया गया है। बच्चों का स्तर आशा के अनुरूप नहीं पाया गया। जबकि पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध है। बच्चों को पहाड़ा का ज्ञान न के बराबर पाया गया।

### असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ की हुई बैठक



**तोकापाल।** क्षेत्र के युवाओं के पलायन और बेरोजगारी की बढ़ती समस्या को लेकर आज बास्तानार ब्लॉक में असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी हेमराज बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बस्तर जैसे खनिज एवं वन संपदा से भरपूर संभाग में आज भी युवाओं को रोजगार के अभाव में अपने घर-गांव छोड़कर अन्य राज्यों में मजदूरी करने जाना पड़ रहा है। बैठक में यह भी बताया गया कि इन युवाओं में से कई बंधुआ मजदूरी जैसी कुप्रथा का शिकार हो रहे हैं। यह स्थिति सरकार की नीतियों की विफलता को उजागर करती है। डबल इंजन की सरकार का दावा केवल कागजों में सीमित रह गया है। न तो राज्य और न ही केंद्र सरकार बस्तर के युवाओं के लिए ठोस रोजगार या स्वरोजगार योजना ला पा रही है।

# ओलंपिक रजिस्ट्रेशन में लाएं प्रगति: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि बस्तर ओलंपिक के लिए पंजीयन कार्य को नियमित तौर पर तेजी के साथ करने सहित अद्यतन प्रगति लायी जाए। इस दिशा में खेल एवं युवा कल्याण, शिक्षा विभाग और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समन्वित रूप से पंजीयन कार्य को सुनिश्चित कर आशातीत प्रगति लायी जाए। वहीं जिले में आयुष्मान भारत कार्ड पंजीयन एवं वय वंदन योजना के तहत पात्र हितग्राहियों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने मंगलवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए।



कलेक्टर ने बस्तर ओलम्पिक पंजीयन की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में अब तक 7000 से अधिक प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। इसे लक्ष्य के अनुरूप शीघ्र पूर्ण करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। कलेक्टर ने जिले के विभिन्न विभागों की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, नगरीय निकाय एवं अन्य विभागों की प्रगति की जानकारी ली और शासन की योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन पर जोर दिया। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि यह योजना सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और आम जनता के बिजली बिलों को कम करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में इस योजना का स्कोप अधिक है, इसलिए अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ा जाए। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना घरों में सोलर पैनल लगाकर मुफ्त बिजली प्रदान करने की एक महत्ती योजना है, जिसमें एक किलोवाट तक के सिस्टम के लिए केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा अनुदान दी जाती है।

**न्यायालय तहसीलदार, दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ 202406160100002/
अ-21(5)/ 2023-24
ग्राम- दंतेवाड़ा

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मनीषा कावरे पति श्री हरिश कावरे उम्र 42 वर्ष, जाति महार मोबाईल नंबर 8817925321 आधार कार्ड नंबर 8838 2669 0972 निवासी ग्राम आंवराभाटा तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के द्वारा ग्राम दंतेवाड़ा, प.ह.न. 03 में स्थित भूमिस्वामी हक के खाते की भूमि खसरा नंबर 3/37 रकबा 0.0425 हे. को क्रेता श्री अभिषेक सिंह भदौरिया पिता श्री नारायण सिंह भदौरिया उम्र 42 वर्ष जाति क्षत्रिय मोबाईल नंबर 8827882883 निवासी दंतेवाड़ा तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ. ग. को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहती है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 08/10/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 24/09/2025 को जारी किया जाता हैं।

मुहर

तहसीलदार
दंतेवाड़ा

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

बस्तर दशहरा पर्व-2025 के शुभ अवसर पर
कोसा एण्ड कॉटन हाथकरघा वस्त्र
आमंत्रण प्रदर्शनी सह विक्रय
प्रवेश निःशुल्क
20% छूट
दिनांक : 01 अक्टूबर से 08 अक्टूबर - 2025 तक
समय : प्रातः 11.00 से रात्रि 10:00 तक
स्थान - लालबाग ग्राउण्ड, जगदलपुर, स्वदेशी मेला
स्टॉल नं 17 से 26
मुख्य आकर्षण- महामहिम राष्ट्रपति जी से पुरस्कार प्राप्त बुनकरों द्वारा निर्मित
सिल्क एण्ड कॉटन के आकर्षक हैण्डलूम आईटम
- उत्कृष्ठ कलात्मक कोसा साड़ियां
- कोसा मलमल, कोसा ड्रेस मटेरियल, कोसा सलवार सूट, सूती साड़ियां, दुपट्टा, शर्टिंग, बेडशीट
- पीलो कव्हर, लुंगी, टॉवेल, नेपकीन, कुर्ता-पायजामा, गमछा
- नेहरू जैकट, दरी एवं और भी बहुत कुछ..
आयोजक - जिला हाथकरघा कार्यालय, जगदलपुर

## खबर संक्षेप

### मायद नुनी कार्यक्रम का द्वितीय चरण प्रारंभ

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला सीईओ मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में बुधवार से बालिका जागरूकता कार्यक्रम मायद नुनी (हमारी बेटियां) कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। जिले में संचालित 12 बालिका आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9वीं से 12वीं तक की किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य, आत्मरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता, साइबर सुरक्षा, बालिकाओं के अधिकारों एवं निर्णय क्षमता जैसे विषयों पर जागरूक एवं सशक्त करने के उद्देश्य से मायद नुनी कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा हैं। उपरोक्त कार्यक्रम को शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षार्थ ट्रस्ट जैसे शासकीय विभागों एवं संगठन के समन्वय से संचालित किया जायेगा।

### प्रथम सामाजिक अंकेक्षण आज

**सुकमा।** कलेक्टर सुकमा देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत प्रथम सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन 8 अक्टूबर को किया जाएगा। यह अंकेक्षण जिले के सभी शासकीय एवं अनुदान प्राप्त शैक्षणिक संस्थाओं में एक साथ संपन्न होगा। जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. मण्डावी ने बताया कि अंकेक्षण के दौरान विद्यालय की अधोसंरचना की स्थिति, कक्षा अनुसार छात्रों के लर्निंग आउटकम्स, विद्यालय एवं समुदाय के मध्य समन्वय, शिक्षण-अध्ययन की गुणवत्ता, शिक्षक की उपस्थिति एवं पढ़ाने की नियमितता जैसे बिंदुओं पर विशेष रूप से फोकस किया जाएगा।

### लोगों को जागरूक करने लगा सूचना पटल



**जगदलपुर।** वन्य प्राणी एवं मानव द्वंद से बचाव के लिए वन विभाग बस्तर वन मंडल ने बस्तर जिले विभिन्न संवेदनशील जगहों पर लोगों को जागरूक करने सूचना पटल लगाए गए। उक्त जानकारी वन विभाग उप वन मंडलाधिकारी चित्रकोट एसडीओ योगेश कुमार रात्रे ने दी।

### विशेष रोजगार मार्गदर्शन शिविर आज

**जगदलपुर।** राज्य सरकार ने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर प्रदान करते हुए 9 और 10 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में एक राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित करने की घोषणा की है। दो दिवसीय मेले में राज्य भर से 114 कंपनियां शामिल होंगी, जिनके माध्यम से युवाओं को 8,000 से 10,000 तक रोजगार के अवसर मिलने की संभावना है। जो युवा रायपुर के राज्य स्तरीय रोजगार मेले में हिस्सा लेना चाहते हैं, उनके लिए एक खास सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर में 8 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक एक रोजगार मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया है।

# जैन एवं जैनेतर भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 40 यूनिट किया रक्तदान

## ओसवाल जैन संघ एवं समता युवा संघ के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

ओसवाल जैन संघ एवं समता युवा संघ के संयुक्त तत्वाधान में आचार्य नानेश के 26वें स्मृति दिवस एवं वर्तमान आचार्य पूज्य 1008 रामलाल महाराज के आचार्य पदारोहण दिवस के उपलक्ष्य में 7 अक्टूबर को ओसवाल भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जैन एवं जैनेतर भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 40 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष विमलचंद सुराना, महामंत्री मोतीलाल सालेचा, मोहनलाल बुरड़, जयकुमार डागा, महावीर सुराना, नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, समता युवा संघ के अध्यक्ष मदन गोलछा, उपाध्यक्ष विकास भंसाली, सचिव रवीश सुराना, चातुर्मास समिति के अध्यक्ष जसराज सुराना, उपाध्यक्ष गौतमचंद नाहटा, पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल बुरड़, सोनू बुरड़ सहित समता युवा संघ के सभी सदस्य एवं संघ के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में जिला अस्पताल दंतेवाड़ा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर में पधारे सभी रक्तदाताओं को संघ की ओर से प्रमाणपत्र प्रदान किए गए और उनका उत्साहवर्धन करते हुए आभार व्यक्त किया गया।



### इन्होंने किया रक्तदान

रक्तदान करने वालों में ललित गोलछा, धीरज भंसाली, प्रमोद सोनी, सचेंद्र देवांगन, पीयूष बुरड़, देवेंद्र सुराना, विकास भंसाली, लालचंद डागा, जसराज सुराना, अजीत कुशवाह, विकास सिंह, दिनेश यादव, रोहित बाफना, विशाल सुराना, आयुष लोढ़ा, देवेश गोलछा, देव भंसाली, चंदन सोनी, हीरालाल सोनी, महेंद्र जैन, सुरेश गोलछा, अनिल सुराना, सरस्वती यादव, आयुष डागा, ऋषभ बाघमार, विकास स्वाइन, अजय गुप्ता, तुषार, कुशल, संतोष चोपड़ा, गुन्नू गोलछा, ईश्वरलाल सोनी, विनय गुप्ता, रोहित बुरड़, रावल सुराना, दिलीप डागा, समता लोढ़ा, स्वाति बुरड़, सोनू बुरड़ एवं राजेश सुराना शामिल रहे।

## छठ की तैयारी को लेकर गंगामुंडा तालाब में शुरू हुई सफाई

# श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष सफाई अभियान : पाण्डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



आगामी छठ महापर्व के मद्देनजर महापौर के नेतृत्व में नगर पालिक निगम शहर के गंगामुंडा तालाब परिसर में सफाई अभियान चला रहा है । मंगलवार से यहां सफाई अभियान की शुरूआत की गई। इस दौरान तालाब के किनारे स्थित शिव मंदिर एवं आसपास के पूरे क्षेत्र की सफाई कर परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की पहल की गई। सफाई दल ने तालाब के चारों ओर सीढ़ियों, घाट क्षेत्र, जलकुंभी हटाने का कार्य प्रारंभ किया। तालाब में वीड हार्वेस्टिंग मशीन को उतारकर तालाब की सफाई की जा रही है । निगम का उद्देश्य है कि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और वे स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें।

### 11 घाटों की सफाई होगी

महापौर संजय पाण्डे ने कहा छठ महापर्व आस्था और स्वच्छता का प्रतीक है। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगामुंडा तालाब में पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। ऐसे में उन्हें स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना जरूरी

है। सफाई के साथ प्रकाश, सुरक्षा और पेयजल की भी व्यवस्था की जा रही है। 5 सफाई दरोगा की निगरानी में 11 घाटों की सफाई की जाएगी। दलपत सागर के घाट एवं महादेव घाट की भी सफाई होगी।

### प्रमुख तालाबों और घाटों की भी होगी सफाई

नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने बताया छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा विशेष सफाई योजना बनाई गई है। गंगामुंडा तालाब के साथ-साथ अन्य प्रमुख तालाबों और घाटों पर भी सफाई कार्य किया जाएगा। हमारी टीम अगले कुछ दिनों तक लगातार निगरानी एवं सफाई कार्य करती रहेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### ये रहे उपस्थित

सफाईअभियान के दौरान महापौर, आयुक्त समेत एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा, श्वेता बघेल, , ईई गोपाल भारद्वाज, हेमंत श्रीवास, विमल पांडे, दामोदर कुमार सहित नगर निगम का अमला मौजूद रहा।

# बेलनार में नया फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजना नियद नेल्लानार के तहत इस क्षेत्र के ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने का उद्देश्य होगा।

प्रतिकूल मौसम एवं दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद सुरक्षा बलों ने सभी चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए माओवादियों के कोर जोन क्षेत्र में यह कैंप स्थापित किया। इस कैंप की स्थापना से जिला बीजापुर तथा नारायणपुर के अब तक पहुंचविहीन गांवों को जोड़ा गया। बेलनार कैम्प से आसपास के ग्रामीणों को अब सड़क, बिजली, मोबाइल नेटवर्क, स्वास्थ्य केंद्र, पीडीएस दुकानें, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी।

■ ग्रामीणों को अब मूलभूत सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी

बीजापुर के सुदूर अंचल क्षेत्रों में नक्सल उन्मूलन अभियान एवं विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से यह कैम्प स्थापित किया गया। यह कार्य आईजी सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक सीआरपीएफ, कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक राकेश चौधरी, उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ के मार्गदर्शन तथा एसपी गौरव राय, कमांडेंट 165वीं वाहिनी सीआरपीएफ,राकेश यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) उदित पुष्कर दंतेवाड़ा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ।

यह कार्य दंतेवाड़ा तथा बीजापुर पुलिस, 165 बटालियन सीआरपीएफ के अथक प्रयासों एवं कोबरा 201वाहिनी, यंग प्लाटून 230 वाहिनी, यंग प्लाटून 111वाहिनी की सक्रिय भागीदारी तथा सक्रिय सहयोग और समन्वय से संभव हो पाया है।

30 सितंबर को नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना की गई और वर्तमान में असमय वर्षा जैसी विपरीत परिस्थिति के बावजूद सुरक्षा बलों द्वारा निर्माण कार्य की गति में कोई कमी नहीं आई है। सभी जवान, जनता के हित को ध्यान में रखते हुए दिन-रात मेहनत करके उन्हें तमाम सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह एफओबी कठिन भौगोलिक परिस्थितियों एवं प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के बीच स्थापित किया गया, जो बलों की असाधारण साहस, दृढ़ संकल्प और पेशेवर क्षमता का परिचायक है। इस बेस की स्थापना अबूझमाड़ के भीतरी हिस्सों में, जो लंबे समय तक वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित रहे हैं, सुरक्षा और शासन की पहुँच सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन आऐंगे आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह बुधवार को दोपहर 12:30 बजे मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में स्टेट प्लेन से आऐंगे। विश्राम गृह पहुंचने के बाद एक मिडिया समूह के कार्यक्रम में जाऐंगे। शाम 7 बजे लालबाग में चल रहे स्वदेशी मेला में पहुंचकर देश के विभिन्न राज्यों तथा स्थानीय स्टाल का अवलोकन करेंगे। रात्रि विश्राम के बाद गुरूवार को प्रातः 10 बजे स्टेट प्लेन से रायपुर रवाना होंगे। बताया गया कि विधानसभा अध्यक्ष के साथ विधायक किरण देव भी आऐंगे।

# गौशाला में गौ ग्रास दान किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बड़े महाराज आचार्य विद्यासागर जी (समाधि ) एवं वर्तमान आचार्य समय सागर जी का जन्म जयंती

■ महाराज जी की जयंती उत्साह से मनाई गई

दिगंबर जैन समाज ने उत्साह के साथ मनाया । इस मौके पर सुबह मंदिर में आचार्य की पूजा आराधना भक्ति भाव से की गई। पश्चात गौशाला में जाकर समाज के सदस्यों ने गौ ग्रास दान किया। शाम को भजन संध्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे। आज माता पिता सम्मान समारोह भी हुआ। जन्म जयंती पर मिष्ठान वितरण किया गया।



# विद्यार्थियों को तीन नवीन आपराधिक कानून के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मण्डावी के मार्गदर्शन में

■ स्कूल शिक्षा एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला



स्कूल शिक्षा विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को हाल ही में भारत सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नवीन आपराधिक कानूनों के बारे में जागरूक करना था। इन कानूनों का निर्माण अपराध रोकने, जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने, अपराधियों को दंडित करने एवं उनके पुनर्वास, पीड़ितों की सहायता करने और समाज की नैतिक संहिता को परिभाषित करने जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों को ध्यान में रखकर किया गया है।

कार्यशाला में टीआई पदमा जगत ने छात्र-छात्राओं को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 तथा भारतीय न्याय संहिता 2023 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने सरल और सहज भाषा में इन कानूनों के महत्व, बदलाव एवं दैनिक जीवन पर उनके प्रभाव को समझाया। इस अवसर पर एचएस सिदार, प्राचार्य सीताराम सिंह राणा एपीसी समग्र शिक्षा, अनुपम राज मसीह, जोगा कवासी, अनुपमा नाग सहित संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# संभागीय बैठक में सभी जिले के पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्र की गिनाई बातें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जन अधिकार सामाजिक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ की संभाग स्तरीय प्रथम बैठक जगदलपुर में हुई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिका सिंह ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए बस्तर संभाग के सातों जिले के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण से चर्चा की । उन्होंने संगठन के कार्य प्रणाली के बारे में बताया और जनता की समस्याओं से शासन प्रशासन से पत्राचार एवं भेंट कर 31 बिंदुओं पर सामाजिक हित में कार्य करते रहने को कहा। अध्यक्षता बीजापुर जिला संरक्षक तेलैया ने किया। संचालन के के भटनागर जिला अध्यक्ष बस्तर के द्वारा किया गया। अंत में पदाधिकारियों ने निस्वार्थ भाव से जन सेवा करने एवं संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी कर्मवीर सिंह जादौन, प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार साहू, सत्यभान सिंह जादौन, रवि तिवारी, लाला लहरें, विपिन तिवारी, अनिल ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक कोटेश्वर राव चापडी, राजेश माने, महेंद्र कुमार साहू, सत्यशीला मेश्राम, जिला अध्यक्ष राजेंद्र पांडे, ए सुधाकर, जयंती परते, राव, माधवी सरकार, सुनीता शोरी, हेमलता नेताम, अशोक जयसवाल, चंद्रिका देवांगन, तुलसीराम बघेल, जितेंद्र सेठिया, शंकर लाल श्रीवास्त, वनय मंडल, शिवा स्वर्णकार, ईश्वर लाल कश्यप उपस्थित थे।

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफिटंग) की विशेष सुविधा.



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

# विधायक कार्यालय में नाचा दल का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दशहरा पर्व के तहत आज माता की विदाई के पश्चात विधायक कार्यालय में विभिन्न नाचा दल के सदस्यगणों का सम्मान कर भोजन कराया गया। कार्यक्रम में मोहरिया बाजा, धुरवा नाचा दल, माड़ियां नाचा एवं अन्य बाजा दल के सदस्य शामिल थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने सभी के सहयोग के लिए सराहना की। इस दौरान विद्याशरण तिवारी, आर्येंद्र सिंह, विजित देव, राजेश श्रीवास्तव, योगेश ठाकुर, योगेश शुक्ला व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आत्मसमर्पित माओवादियों व पीड़ित परिवारों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में

■ कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों की ली बैठक

उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। विशेष रूप से आत्मसमर्पित माओवादी और माओवादी हिंसा से प्रभावित परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ शीघ्र सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मुकुन्द ठाकुर, अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर, एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आत्मसमर्पित माओवादियों तथा पीड़ित परिवारों को शासन की प्रत्येक माह दी जाने वाली राशि का समय पर वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नवीन वोटर आईडी कार्ड, जॉब कार्ड, राशन कार्ड और श्रम कार्ड तैयार करने के लिए प्रत्येक सप्ताह विभागीय निरीक्षण कर हितग्राहियों को लाभ दिलाने को कहा।

उन्होंने आवास योजना अंतर्गत सर्वे कार्य शीघ्र पूर्ण कर आवश्यक दस्तावेज संकलित कर पात्रों को स्वीकृति देने के निर्देश दिए। जिले में युवाओं को मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही सभी मेडिकल शॉप का नियमित निरीक्षण करने तथा अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई करने को कहा। बैठक में नवीन आपराधिक कानून, सड़क सुरक्षा के तहत की गई कार्यवाहियों तथा संबंधित विभागों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर पारदर्शिता और तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए।



### आवारा पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाएं

कलेक्टर ने कहा कि आवारा पशुओं के कारण सड़कों पर दुर्घटनाओं की घटनाएँ बढ़ रही हैं। इसके समाधान हेतु सभी सीएमओ और जनपद सीईओ को आवारा पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाने और ईयर टैगिंग की प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411